News Letter

मुक्त चिन्तन

उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥

मुक्त चिन्तन

15 जून, 2024

मुक्त विश्वविद्यालय ने आर ए एफ जवानों को दिलाई योग की शपथ

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 के परिपेक्ष्य में गिनीज वर्ल्ड बुक में रिकॉर्ड बनाने जाने हेतु ऑनलाइन शपथ दिलाए जाने के क्रम में प्रयागराज के फाफामऊ स्थित आर ए एफ की 101 बटालियन के परिसर में इसका आयोजन किया गया। जिसमें आर ए एफ की ओर से डिप्टी कमांडेंट श्री रामचंद्र राम ने विश्वविद्यालय के कुलसचिव कर्नल विनय कुमार और विश्व योग दिवस 2024 के संयोजक डॉ0 देवेश रंजन त्रिपाठी का स्वागत करते हुए आर ए एफ परिसर के सभी सदस्यों को मुक्त विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों से परिचित कराया गया।

इसी क्रम में मुक्त विश्वविद्यालय के कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने सभी जवानों को योग का महत्व समझाते हुए वर्तमान में आयोजित हो रहे ऑनलाइन योग शपथ महा अभियान के संबंध में जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा योग ही एक ऐसा माध्यम है जिससे जीवन में शांति लाई जा सकती है।

योग समन्वयक डॉ0 देवेश रंजन ने उपस्थित सभी प्लाटून कमांडर को विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यक्रमों की उपयोगिता समझाते हुए ऑनलाइन योग शपथ लिए जाने के विभिन्न चरण समझाए। तत्पश्चात सभी ने सामूहिक ऑनलाइन शपथ ली । सभी प्लाटून कमांडर ने कुलाधिपति एवं राज्यपाल उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे इस महा अभियान को अपने प्रत्येक जवान तथा पारिवारिक सदस्यों तक पहुंचाने और शपथ दिलाए जाने का संकल्प लिया। अंत में डिप्टी कमांडेंट ने अपने कमांडेंट श्री मनोज एवं माननीय कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। डिप्टी कमांडेंट श्री राम ने यह आश्वस्त किया कि भविष्य में भी मुक्त विश्वविद्यालय एवं आर ए एफ संयुक्त रूप से इसी प्रकार से जनोपयोगी कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे।